आज्ञायें एवं टिप्पणी

वित्त एवं लेखाधिकारी/निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर।

महोदय,

निम्नविवरण के अनुसार निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी की जानी है टेण्डर फार्म का प्रारूप निम्न प्रकार है

सार्वजनिक नीलामी सूचना सं0–	1/2018–19
निविदा प्राप्त करने की तिथि	29.11.2018 से 15.12.2018 तक
लिखित निविदा खोलने की तिथि	17.12.2018 को अपरान्ह 02.00 बजे
निविदा खोलने का स्थान	निदेशक कक्ष
न्यूनतम स्कैप मूल्य	रू0 ....

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, सूटरगंज, कानपुर में निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी की कार्यवाही 'जहाँ है जैसा है' की स्थिति में नीलामी हेतु लिफाफा बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म निदेशक कार्यालय से रू0 1000.00 नगद/बैंक ड्राफ्ट भुगतान करके दिनांक 29.12.2018 से 15.12.2018 तक प्रातः 10:00 बजे से 5:00 सायं बजे तक कय किया जा सकता है तथा दिनांक 17.12.2018 को अपराहन 1.00 बजे तक जमा किया जा सकता है। निविदा फार्म कय की धनराशि वापस नहीं की जायेगी।
2. दिनांक 17.12.2018 को अपरान्ह 2:00 बजे समिति के समस्त सदस्यों के समक्ष लिखित मोहरबन्द निविदा खोली जायेगी।
3. निष्प्रयोज्य सामग्री का निरीक्षण श्री सुधीर यादव, कनिष्ठ सहायक के साथ दिनांक 3, 7, 11 एवं 15.12.2018 को कार्यदिवसों में सामग्री स्थल पर प्रातः 10:00 बजे सं सायं 05:00 बजे तक किया जा सकता है।
4. अधिकतम भाव (लिखित) निविदा देने वाले निविदाकर्ता को निष्प्रयोज्य सामग्री प्राप्त करने का अधिकार होगा। अगर दो या दो अधिक फर्मों द्वारा दी गई दरें समान होती है। तो उन निविदादाताओं के मध्य खुली बोली से अधिकतम दर का निर्धारण किया जायेगा।
5. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को धरोहर धनराशि रू. 10,000.00 राष्ट्रीकृत बैंक के केवल डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के नाम से ही देय होगा।
6. जी0एस0टी0 नं0/आधार कार्ड/पैन कार्ड की एंव जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
7. फर्म के स्वामी जिनके नाम फर्म का पंजीकरण हो, के द्वारा ही डाली गयी निविदा स्वीकार की जायेगी।
8. उच्चतम भाव (लिखित) निविदाकर्ता द्वारा अधिकतम भाव बोली का 25 प्रतिशत डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में अगले दिन जमा करना होगा जो निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को देय होगा।
9. अर्नेस्ट मनी जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, तथा अगले उच्चतम निविदा भाव बोलीकर्ता को भण्डार बेचा जा सकेगा।
10. नीलामी स्वीकृत हो जाने के उपरान्त उच्चतम लिखित भाव निविदाकर्ता को सूचना प्राप्त होने के 02 दिन के अन्दर शेष 75 प्रतिशत धनराशि ड्राफ्ट के रूप में एवं उस पर जी0एस0टी0 शुल्क अलग ड्राफ्ट के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि धनराशि जमा नहीं की जायेगी तो धरोहर धनराशि के साथ रू0 (10000+बोली का 25 प्रतिशत) धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

निदेशक
उ0प्र0वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान
कानपुर

11. उच्चतम लिखित बोलीकर्ता द्वारा पूर्ण धनराशि जमा करने के 25 दिन के अन्दर नीलाम की गयी सामग्री को उठाना होगा। जिसमें किसी प्रकार का विलम्ब एवं सामग्री की क्षति के लिये लिखित भाव निविदाकर्ता स्वयं उत्तरदायी होगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरान्त लिखित भाव निविदाकर्ता को अपनी बोली के 1 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ग्राउण्ड रेन्ट देना होगा एवं सामग्री के रखरखाव का प्रबन्ध उस स्वयं करना होगा।

12. सक्षम अधिकारी या किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में वस्तुओं को परिसर से उठाया जा सकेगा।

13. सक्षम अधिकारी द्वारा प्राप्त लिखित भाव बोली को अनुमोदित न करने की दशा में लिखित भाव बोली लगाने वाले के द्वारा जमा की गयी अर्नेस्ट मनी को लौटा दिया जायेगा तथा उसके पक्ष में दी गया नीलामी शून्य (नल एण्ड वायड) हो जायेगा।

14. किसी भी वाद की स्थिति में वाद न्यायालय जनपद, कानपुर नगर के अधीन मान्य होगा। नीलामी से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रतिष्ठ 19 घ के अनुसार निर्धारित एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्णित अन्य शर्तों के अधीन की जायेगी।

15. निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को किसी भी स्थिति में निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

क0 सं0	विवरण	धरोहर धनराशि	लिखित बोली का मूल्य पूर्ण रूपयों में	जी0एस0टी0	कुल योग
1	मशीनें तथा लोहे के फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स सामग्रियों, कम्प्यूटर खपरैल इत्यादि।	10000.00			

हस्ताक्षर एवं सील फर्म

निदेशक
उ0प्र0वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान
कानपुर